**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–25 मार्च 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश सरकार आज से तीन दिन तक सभी जिला मुख्यालयों में मनायेगी विकास उत्सव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से करेंगे विकास उत्सव के आयोजन की शुरूआत।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भाजपा सरकार की आठ वर्ष की गिनाई उपलब्धियां। कहा– देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है उत्तर प्रदेश।
- अयोध्या में राम मंदिर भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक हुई शुरू। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा– अंतिम चरण में है मंदिर निर्माण कार्य।
- विश्व टीबी दिवस को लेकर आयोजित सौ दिवसीय अभियान का कल हुआ समापन। प्रदेश में चार करोड़ इक्यावन लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग।

**********

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर आज से सत्ताइस मार्च तक सभी जिला मुख्यालयों पर विकास उत्सव मनाया जाएगा। सेवा, सुरक्षा और सुशासन के आठ वर्ष थीम पर केंद्रित इस उत्सव में प्रदेश सरकार के मंत्री ज़िलों में जाकर सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखेंगे। उधर, भारतीय जनता पार्टी चौदह अप्रैल तक प्रदेश भर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों के सामने प्रदेश सरकार के काम का लेखा जोखा पेश करेंगे।

***सरकार के आठ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में हमारी पार्टी ने आठ वर्ष के कामकाज कालेखा जोखा जनता के बीच में रखने का निर्णय लिया है। जनसंवाद के तहत सभी मंत्रीगण सभी जिलों में जाएंगे, फिर विधानसभाओं में जाएंगे और चौबीस तारीख से लगातार चौदह अप्रैल तक लगातार भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर अपनी सरकार का लेखा जोखा जनता के बीच में रखेंगे।***

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विकास उत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर से करेंगे। इसके लिये आयोजित कार्यक्रम में पचास दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल वितरित करेंगे और विभिन्न योजनाओं के पचीस लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते आठ वर्षों में सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में राज्य की अलग पहचान बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और पचीस करोड़ प्रदेशवासियों के प्रयास से आज उत्तर प्रदेश, देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

***इस उत्तर प्रदेश को आठ वर्ष पहले केवल एक श्रम शक्ति के रूप में लोग जानते थे। आज वही उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था ग्रोथ इंजन बनकर के उभरा है। आज वही उत्तर प्रदेश आठ वर्ष की इस यात्रा के दौरान देश के अंदर अर्थ शक्ति के रूप उभरा है। आज यही उत्तर प्रदेश प्रत्येक सेक्टर में जो देश के विकास का एक बैरियर माना जाता है। वही उत्तर प्रदेश देश के विकास का ब्रेक थ्रू बनकर के उसको एक नई दिशा देने के लिए हर एक सेक्टर में आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन के आठ वर्ष पूरे किए हैं। डबल इंजन सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किया है।

श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में उत्तर प्रदेश जल्द ही देश की पहले नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा।

***आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश को पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के बड़े लक्ष्य को देशवासियों के सामने रखा है और उसके परिणाम हमारे सामने भी हैं। दो हज़ार चौदह में जिस देश की अर्थव्यवस्था दसवें ग्यारहवें स्थान पर थी, आज वह देश दुनिया का पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। दो हज़ार सत्ताईस में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उत्तर प्रदेश आज नंबर दो की देश की अर्थव्यवस्था है। वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने के लिए जो प्रयास डबल इंजन की सरकार ने प्रारंभ किए हैं। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनेगा।***

श्री योगी ने बीते आठ वर्षों में कानून–व्यवस्था में सुधार को सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि पैंतालीस दिनों के इस आयोजन में कोई छेड़छाड़, लूटपाट या अपहरण की घटना नहीं हुई। उन्होंने पारदर्शी तरीके से पुलिस भर्ती प्रक्रिया कराने और बीते आठ वर्षों में बेरोजगारी दर उन्नीस प्रतिशत से तीन प्रतिशत पर लाने का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के औद्योगिक विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि दो हजार सत्रह से पहले इज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश चौदहवें स्थान पर था पर आज टॉप अचीवर स्टेट है।

***औद्योगिक विकास इज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश दो हज़ार सत्रह के पहले चौदहवें स्थान पर था। आज देश का टॉप अचीवर स्टेट के रूप में उत्तर प्रदेश बना हुआ है। ये संभावना बताती है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश के अंदर सबसे अधिक निवेशकों को आकर्षित करने वाले एक ड्रीम डेस्टिनेशन बनकर के उत्तर प्रदेश देश के अंदर उभरा है।***

**********

अयोध्या में राम मंदिर भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक कल से शुरू हो गई। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंदिर आगामी नौ महीने में पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा।

(बाइट–नृपेन्द्र मिश्र)5 ***वर्ष दो हज़ार पच्चीस में मंदिर और मंदिर का परिसर के जो भी निर्माण कार्य निर्माण समिति के लिए जो जिम्मेदारी है उसको पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग नौ माह रह गए हैं तो सभी भवन जो इस समय निर्माणाधीन है वो अपने अंतिम चरण में है। मंदिर का निर्माण जिसमें शिखर भी सम्मिलित है। पूरी आशा है कि अप्रैल माह में पूर्ण हो जायेगा।***

**********

पिछली सात दिसम्बर से प्रदेश में शुरू हुए सौ दिन के सघन टीबी उन्मूलन अभियान का कल विश्व टीबी दिवस के दिन समापन हो गया। अभियान की जानकारी देते हुए राज्य टीबी अधिकारी शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि इन सौ दिनों में प्रदेश के सभी जनपदों में फोकस्ड अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत चार करोड़ इक्यावन लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई।

***अभी सौ दिनों का अभियान सात दिसम्बर से शुरू हुआ जो पहले पंद्रह जिलों में था। बाद में एक जनवरी से उसको सभी पचहत्तर जनपदों में लागू कर दिया गया। ये अभियान फोकस्ड अभियान था। मतलब हम लोग जनरल पॉपुलेशन को न फोकस करके उस पॉपुलेशन पर फोकस कर रहे थे जिन पर टीबी होने की संभावना आमजन के मुकाबले ज्यादा होती है।***

**********

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र ने प्याज पर बीस प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया है। नई दिल्ली में कल श्री चौहान ने कहा कि प्याज पर निर्यात शुल्क समाप्त होने से किसानों की उपज बिना शुल्क के वैश्विक बाजारों में पहुंच सकेगी और उन्हें अधिक मूल्य मिल सकेगा।

***किसानों को लाभकारी मूल्य देना मोदी सरकार की प्राथमिकता है, प्रतिबद्धता है और अब ये फैसला किया है कि प्याज के एक्सपोर्ट पर अब कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी, ताकि हमारे किसानों द्वारा मेहनत से उपजाया हुआ प्याज दुनिया के बाजारों में बिना एक्सपोर्ट ड्यूटी के जाए और किसानों को अच्छे लाभकारी मूल्य मिल सके।***

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीसीएसई की गवर्निंग बॉडी ने बारहवीं कक्षा की अकाउटेंसी परीक्षा में बेसिक कैलकुलेटर के उपयोग की मूंजूरी दे दी है। यह फैसला दो हजार पचीस–छब्बीस शैक्षणिक सत्र से लागू होगा। परीक्षा समिति के प्रस्ताव अनुसार बेसिक नॉन–प्रोग्रामेबल कैलकुलेटर की मंजूरी होगी।

उधर, प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षायें कल से शुरू हो गयी। इस परीक्षा में प्रदेश के एक लाख तैंतीस हजार विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। परीक्षाओं का आयोजन अट्ठाइस मार्च तक सम्पन्न होगा।

**********

लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में पार्षद निधि बढ़ा दी गई है। पार्षदों की निधि एक करोड़ सैंतालीस लाख रुपए से बढ़ा कर दो करोड़ दस लाख रुपए कर दी गई हैं। वहीं महापौर और नगर आयुक्त की निधि में कटौती की गई है।

**********

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में प्रदेश के लगभग सभी जिलों में तेजी से गर्मी पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों में अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों का मौसम शुष्क रहेगा।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग के अट्ठरहवें सीजन का चौथा मैच कल विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच खेला गया, जिसे दिल्ली कैपिटल ने एक विकेट से जीत लिया। मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पहले खेलते हुए आठ विकेट खो कर दो सौ नौ रन बनाये। लखनऊ के मिचेल शर्मा ने बहत्तर और निकोलस पूरन ने पचहत्तर रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी दिल्ली की टीम ने आशुतोष शर्मा के छाछठ रन की पारी की बदौलत जीत दर्ज की।

**********